University in News on 11 July 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

स्नातक कोर्सों के लिए प्रवेश परीक्षाएं आज से

लविवि : 17 जुलाई तक चलेंगी परीक्षाएं, 30 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी होंगे शामिल

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए बृहस्पतिवार से प्रवेश परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पहले ही जारी किए जा चुके हैं जो वेबसाइट पर लॉगिन आईडी के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 11 से 17 जुलाई तक होने वाली प्रवेश परीक्षाओं में 30 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे।

प्रवेश परीक्षा के संबंध में विश्वविद्यालय के प्रवेश विभाग और कुलानुशासक कार्यालय की ओर से विस्तृत गाइडलाइन जारी की गई। पहली पाली में बीकॉम और दूसरी पाली में बीकॉम ऑनर्स कोर्स की प्रवेश परीक्षा होगी।

अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र पर एक घंटे पहले रिपोर्ट करना होगा। प्रवेश परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी को दो फोटो व एक वैध परिचय पत्र लाना होगा। अभ्यर्थी पीने का पानी पारदर्शी बोतल में ला सकते हैं। इसके अलावा किसी तरह की पाठ्य सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि पर रोक होगी। मोबाइल या अन्य उपकरणों के साथ परीक्षा देते पकड़े जाने पर परीक्षा निरस्त की जा सकती है।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कुलानुशासक कार्यालय ने अभ्यर्थियों के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। किसी भी तरह के आरक्षण के लिए दावा करने वाले अभ्यर्थी परीक्षा के बाद अपने आरक्षण के मूल प्रमाण पत्रों की जांच जरूर करवाएंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा देने आने वाले अभ्यर्थियों को गेट नंबर 1, 2, 3, 4 व 7 से एंट्री मिलेगी। इस दौरान सभी तरह के वाहन पार्किंग में ही खड़े होंगे, कोई भी वाहन परिसर में प्रवेश नहीं करेगा। प्रवेश परीक्षा का प्रश्नपत्र सौ अंकों का होगा। इसके लिए 1.30 घंटे का समय दिया जाएगा। परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा, निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को प्रवेश परीक्षा से पूर्व शुरू हुई छात्रों की हलचल। - अमर उजाला

विवि ने नहीं जारी की परीक्षा केंद्रों की सूची : लखनऊ विश्वविद्यालय ने इस वर्ष प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों की कोई भी सूची नहीं जारी की है। परीक्षा केंद्रों की सूची न जारी करने के पीछे का कारण विश्वविद्यालय ने गोपनीयता बताई है। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने परंपरागत कोर्स बीए, बीएससी और बीकॉम सहित अन्य पाठ्यक्रमों के आंकड़े भी नहीं जारी किए है। इसके पीछे का कारण इन कोर्सों में कम आवेदन आना माना जा रहा है। वहीं विश्वविद्यालय ने प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों जिसमें अच्छी संख्या में आवेदन आए हैं, केवल उनके ही आंकड़े जारी किए हैं।

विवि ने जारी किए 13 कोर्सों के रिजल्ट : लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर परीक्षा के क्रम में सोमवार को 13 कोर्सों के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। विद्यार्थी लविवि की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। किसी तरह की समस्या होने पर परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। लविवि के परीक्षा विभाग की ओर से जिन पाठ्यक्रमों के परिणाम जारी किए गए हैं, उनमें बीएड, एमए, बीवॉक, एमएससी, बीटेक और बीएलएड सम सेमेस्टर विषयों के परीक्षा के परिणाम शामिल हैं। (संवाद)

किस कॉलेज में मिलेगा प्रवेश अभी तक जानकारी नहीं

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने प्रवेश परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी हैं। लेकिन इन सब के बीच आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के बीच संशय है कि यदि उन्हें मुख्य परिसर में प्रवेश नहीं मिला तो दूसरे विकल्प में उन्हें कौन से कॉलेज में एडमिशन मिलेगा। इसका कारण यह कि विश्वविद्यालय ने अब तक केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था में शामिल कॉलेजों की सूची सार्वजनिक नहीं की है।

लविवि ने केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था में शामिल कॉलेजों की नहीं दी जानकारी

लविवि ने गत कई वर्षों से प्रवेश प्रक्रिया में केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था को शामिल किया है। इस प्रक्रिया के तहत विवि की प्रवेश प्रक्रिया में अनुदानित, स्ववित्तपोषित और राजकीय कॉलेज शामिल होते हैं। इनकी संयुक्त प्रवेश परीक्षा लविवि करवाता है और कॉलेजों को एडमिशन उपलब्ध करवाता है। इसके लिए लखनऊ विवि कॉलेजों से तय शुल्क भी लेता है। कॉलेजों में उन्हीं विद्यार्थियों को एडमिशन के लिए भेजा जाता है जिनका प्रवेश लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में नहीं हो पाता है। ये वही विद्यार्थी होते हैं जो परिसर में दाखिले के लिए तय कटऑफ में शामिल नहीं हो पाते हैं।

■ **विद्यार्थियों का होगा आर्थिक नुकसान :** केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था में शामिल कॉलेजों को सार्वजनिक न करने पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आर्थिक नुकसान होता है। जब पता नहीं होता है कि कौन से कॉलेज केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था में शामिल हैं तो वह उन कॉलेजों का भी आवेदन फॉर्म खरीद लेते हैं जो इस व्यवस्था में शामिल होते हैं अगर उन्हें पहले से मालूम हो कि यह कॉलेज इसमें शामिल है तो वह फॉर्म नहीं खरीदेंगे। (संवाद)

जीपैट में चार विद्यार्थियों को सफलता

लखनऊ। लविवि के फार्मेसी संकाय के चार विद्यार्थियों ने ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट (जीपैट) में सफलता हासिल की है। ये सभी बीफार्मा तीसरे वर्ष के विद्यार्थी हैं। सभी को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व निदेशक फार्मेसी प्रो. पुष्पेंद्र त्रिपाठी ने शुभकामनाएं दी हैं। (संवाद)

i-NEXT PAGE 3

एलयू में आज से स्नातक प्रवेश परीक्षाएं

लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षाएं गुरुवार से शुरू होंगी. पहली पाली में सुबह 10.30 बजे से 12 बजे तक बीकाम और शाम की पाली में 2.30 से चार बजे तक बीकाम (आनर्स) की प्रवेश परीक्षा होगी. इनमें कितने अभ्यर्थी शामिल होंगे, विश्वविद्यालय ने इसके आंकड़े जारी नही किए हैं. परीक्षा शुरू होने के बाद किसी भी परीक्षार्थी का प्रवेश नहीं होगा. प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षार्थियों को अपनी दो फोटो अनिवार्य रूप से लानी होगी. क्षैतिज आरक्षण का दावा करने वालों को अपने मूल प्रमाण पत्रों की जांच परीक्षा के तुरंत बाद करानी होगी.

चार गेट से मिलेगा एलयू में प्रवेश

लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को गेट नंबर एक, दो, तीन, चार व सात से प्रवेश दिया जाएगा. प्रवेश परीक्षा में मोबाइल फोन, बैग या इलेक्ट्रानिक उपकरण आदि आदि लाने पर रोक है. अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र चेक करके परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पहले अंदर जाने दिया जाएगा.

JAGRAN CITY PAGE III

अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले राकेट पर काम करेंगे

थाईलैंड में पोस्ट डाक्टोरल फेलो के लिए हुआ चयन

LUCKNOW (10 JULY): एलयू के भौतिक विज्ञान विभाग के प्रो. राजीव मनोहर के साथ सीएसआईआर की रिसर्च एसोसिएट फेलोशिप पर कार्य करने वाले डा. गोविंद पाठक का चयन थाईलैंड में थाईलैंड स्पेस एजेंसी (जिस्वो इनफार्मेटिक एंड स्पेस टेक्नोलाजी डेवलपमेंट एजेंसी) में पोस्ट डाक्टोरल फेलो के रूप में हुआ है। इस कार्य में बैंकाक में उपस्थित कासेटशार्ट यूनिवर्सिटी का प्रायोगिक सहयोग प्रदान होगा। वह अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले राकेट पर कार्य करेंगे।

पेलोड्स का अध्ययन

उन्होंने बताया कि इस कार्य में लिक्विड क्रिस्टल का उपयोग करके स्मार्ट विंडो तकनीक की सहायता से राकेट में उपयोग होने वाले अलग-अलग पेलोड्स का अध्ययन भी किया जाएगा. इसका प्रयोग अंतरिक्ष यात्री कर सकेंगे. इसमें लिक्विड क्रिस्टल, नैनोपार्टिकल्स और पालीमर का प्रयोग एक विशेष प्रकार की तकनीक से होगा. इस अध्ययन से जो डिवाइस बनेगी, उसका प्रयोग अंतरिक्ष यात्री इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आइएसएस) में कर सकेंगे. इस तकनीक का उपयोग स्मार्ट विंडो या एडाप्टिव विंडोज बनाने वाली औद्योगिक कंपनियों भी कर सकेंगी.

लवि : डा. गोविंद अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले राकेट पर करेंगे काम

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर राजीव मनोहर के साथ सीएसआइआर की रिसर्च एसोसिएट फेलोशिप पर कार्य करने वाले डा. गोविंद पाठक का चयन थाईलैंड में थाईलैंड स्पेस एजेंसी (जिस्वो इनफार्मेटिक एंड स्पेस टेक्नोलाजी डेवलपमेंट एजेंसी) में पोस्ट डाक्टोरल फेलो के रूप में हुआ है। इस कार्य में बैंकाक में उपस्थित कासेटशार्ट यूनिवर्सिटी का प्रायोगिक सहयोग प्रदान होगा। अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले राकेट पर कार्य करेंगे।

उन्होंने बताया कि इस कार्य में लिक्विड क्रिस्टल का उपयोग करके स्मार्ट विंडो तकनीक की सहायता से राकेट में उपयोग होने वाले अलग-अलग पेलोड्स का अध्ययन भी किया जाएगा। इसका प्रयोग अंतरिक्ष यात्री कर सकेंगे। इसमें लिक्विड क्रिस्टल, नैनोपार्टिकल्स और पालीमर का प्रयोग एक विशेष प्रकार की तकनीक से होगा। इस अध्ययन से जो डिवाइस बनेगी, उसका प्रयोग अंतरिक्ष यात्री इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आइएसएस) में कर सकेंगे। इस तकनीक का उपयोग स्मार्ट विंडो या एडाप्टिव विंडोज बनाने वाली औद्योगिक कंपनियों भी कर सकेंगी। इसमें प्रकाश को एक ग्लास के आर पार देखा जा सकता है। कुछ पर्याप्त मात्रा में वोल्टेज लगाने पर प्रकाश को किसी माध्यम से आर पार होने में बंद भी किया जा सकता है। गौरतलब है कि डा. गोविंद का कार्य लिक्विड क्रिस्टल और नैनोपार्टिकल पर आधारित है। वह लिक्विड क्रिस्टल की विभिन्न पैरामीटर जैसे इलेक्ट्रो आप्टिकल, डाईइलेक्ट्रिक तथा आप्टिकल का अध्ययन कर रहे थे।

डा. गोविंद पाठक ● विज्ञाप्त

लवि में आज से स्नातक प्रवेश परीक्षाएं

जासं. लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षाएं गुरुवार से शुरू होंगी। पहली पाली में सुबह 10.30 बजे से 12 बजे तक बी.काम (आनर्स) की प्रवेश परीक्षा होगी। इनमें कितने अभ्यर्थी शामिल होंगे, विश्वविद्यालय ने इसके आंकड़े जारी नहीं किए हैं। परीक्षा शुरू होने के बाद किसी भी परीक्षार्थी का प्रवेश नहीं होगा। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षार्थियों को अपनी दो फोटो अनिवार्य रूप से लानी होगी। पारदर्शी बोतल में पीने का पानी लेकर आ सकते हैं। क्षैतिज आरक्षण का दावा करने वालों को अपने मूल प्रमाण पत्रों की जांच परीक्षा के तुरंत बाद करानी होगी। उन्होंने बताया कि प्रश्न पत्र में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जो 90 मिनट में हल करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

चार गेट से मिलेगा प्रवेश

लवि की प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को गेट नंबर एक, दो, तीन, चार व सात से प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा में मोबाइल फोन, बैग या इलेक्ट्रानिक उपकरण आदि आदि लाने पर रोक है। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र चेक करके परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पहले अंदर जाने दिया जाएगा। कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी ने इसके निर्देश जारी किए हैं।

प्रवेश परीक्षा 14 को

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बी.वाक रिस्ट्रक्चर्ड एनर्जी कोर्स में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा की तिथि तय कर दी है। यह प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई को दोपहर 2:30 से शाम चार बजे तक होगी। अभ्यर्थी अपनी लाग इन आइडी से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

फार्मेसी तृतीय वर्ष के छात्रों को जीपीएटी में सफलता

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। भेषजिक विज्ञान संस्थान, लखनऊ विश्वविद्यालय के बी.फार्मा तृतीय वर्ष के छात्रों ने ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट (जीपीएटी-2024) में सफलता प्राप्त की है। सफलता प्राप्त करने वाले छात्र फैज़ान अशरफ (एआईआर-1267), ज्योति गुप्ता (एआईआर-3267), देवाशीष यादव, (एआईआर-4280), वैभव तिवारी (एआईआर-6641) है। कुलपति प्रो.अलोक कुमार राय ने संस्थान के सभी छात्रों एवं शिक्षकों को बधाई दी। यह संस्थान सत्र 2021 में कुलपति के प्रयासों से प्रारम्भ हुआ एवं पहला बैच 2024-25 में पास आउट होगा। प्रो.पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी, निदेशक, भेषजिक विज्ञान संस्थान ने छात्रों को सतत प्रयास करने के लिए प्रेरित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। जीपीएटी परीक्षा गेट परीक्षा की तरह स्नातक फार्मेसी के छात्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर होती है जिससे छात्र फार्मेसी के परास्नातक में छात्रवृत्ति सहित प्रवेश पा सकते हैं तथा राष्ट्रीय शोध संस्थानों में शोध कर सकते हैं।

बी.कॉम और बी.कॉम ऑनर्स की प्रवेश परीक्षा आज

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षा सत्र 2024-25 के तहत आज प्रथम पाली में सुबह 10.30 से 12 बजे तक बीकॉम की प्रवेश परीक्षा एवं दूसरी पाली में दोपहर 2.30 से 4 बजे तक बी.कॉम (ऑनर्स)की परीक्षा होगी। लविवि ने प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को सुझाव दिया है कि वह प्रवेश पत्र में लिखें सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें एवं उनका पालन करें। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचे। परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत किसी भी परीक्षार्थी का प्रवेश नहीं होगा। परीक्षार्थी अपने दो फ़ोटो अवश्य साथ लेकर आयें। आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड में से कोई भी पहचान पत्र जरूर लेकर आयें। पारदर्शी बोतल में पीने का पानी लेकर आ सकते है। नीला एवं काला बॉल प्वाइंट पेन लेकर ही आए। जिन अभ्यर्थियों ने यूई, सीटी, पीएच, एफएफ, एक्स आर्मी आरक्षण का दावा किया है।

लविवि : 13 विषयों का परीक्षाफल घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 13 विषयों के परीक्षाफल घोषित किये हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया है कि घोषित परिणामों में बीएड, एमए, बीवीओसी, एमसीए, बीटेक, बीएलएड पाठ्यक्रमों से जुड़े विषय सम्मिलित हैं। विस्तृत परिणामों को विवि की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

AMRIT VICHAR PAGE 8

फार्मेसी के 4 छात्रों को मिली सफलता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूट टेस्ट (जीपीएटी)-2024 में सफलता प्राप्त की है।

विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि भैषजिक विज्ञान संस्थान के बी फार्मा तृतीय वर्ष के छात्रों में फैजान अशरफ का एआईआर -1267 स्थान है। ज्योति गुप्ता 3267 पर हैं। देवाशीष यादव 428 व वैभव तिवारी एआईआर के 6641 स्थान पर हैं। कुलपति प्रो. अलोक कुमार राय ने संस्थान के सभी छात्रों एवं शिक्षकों को बधाई दी है। डॉ. दुर्गेश ने बताया कि ये पहला बैच 2024-25 में पास आउट होगा। जीपीएटी और गेट परीक्षा स्नातक फार्मेसी के छात्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर होती है।

फैजान अशरफ | ज्योति गुप्ता | देवाशीष यादव | वैभव तिवारी

लविवि प्रवेश परीक्षा : अभ्यर्थियों को 90 मिनट में हल करने होंगे 100 सवाल

गुरुवार से शुरू होगी स्नातक और स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यकमों की प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक और स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यकमों की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो रही हैं। दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा 100 सवालों की होगी, इसे 90 मिनट में हल करना होगा। लखनऊ विवि के प्रवक्ता का कहना है कि परीक्षा में गलत उत्तर देने पर नंबर नहीं कटेंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा गुरुवार से आरंभ होकर 18 जुलाई तक चलेगी। इसमें स्नातक से जुड़े पाठ्यक्रम बीकॉम, बीकॉम (आनर्स) बीसीए, बीएससी (मैथ), बीबीए एलएलबी इंटीग्रेटेड, बीए, डीफार्मा, बीएससी (बायोलॉजी), बीएलएड, बीवीए, बीएफए, बीजेएमसी, बीएससी (एग्रीकल्चर) सम्मिलित हैं। इन विषयों से जुड़े अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा देंगे। विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि गुरुवार से आरंभ होने वाली परीक्षा में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। इन्हें 90 मिनट में हल करना होगा। किसी भी गलत उत्तर पर निगटिव मार्किंग नहीं होगी, यानि कोई भी अंक नहीं कटेंगे। हर प्रश्न दो अंको का रहेगा।

दो पालियों में आयोजित होंगी बीकॉम परीक्षाएं : गुरुवार को आयोजित बीकॉम परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली प्रातः 10:30 से 12:00 बजे तक चलेगी। दूसरी पाली में बीकॉम आनर्स से जुड़े प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। ये परीक्षा दोपहर 2:30 बजे से शुरू होकर सायं 4:00 बजे समाप्त होगी। शुक्रवार को बीसीए और बीएससी (मैथ) संबंधित परीक्षाओं के दो पालियों में आयोजन होंगे।

अभ्यर्थियों को इन बातों का रखना होगा ध्यान : डॉ.दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा आरंभ होने से पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत किसी भी परीक्षार्थी का प्रवेश नहीं होगा।

▸▸ दो पालियों में होंगा आयोजन सात दिवसीय परीक्षा में नहीं होगी निगेटिव मार्किंग

बीटेक, बीफार्मा और एमसीए के लिए सीधे प्रवेश

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीटेक, बीफार्मा और एमसीए में विद्यार्थी खाली सीटों पर सीधे प्रवेश ले सकते हैं। इसके लिए डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के कार्यालय में फॉर्म जमा करने की तिथि 25 जुलाई निर्धारित की गई है। लखनऊ विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि उप्र तकनीकी प्रवेश काउंसिलिंग (यूपीटीएसी) 2024 से पहले बीटेक, बीफार्मा और एमसीए की सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। सीटें खाली रहने की स्थिति में लविवि अपने स्तर से दाखिले लेने जा रहा है। इसको लेकर विवि की वेबसाइट पर आवेदन पत्र अपलोड किया जा चुका है। इसमें विवि वित्त नियंत्रक के नाम पर 500 रुपये का ड्राफ्ट बनवाना होगा। आवेदन 25 जुलाई तक अधिष्ठाता अभियांत्रिकीय व तकनीकी संकाय के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। इसके बाद ही विवि मेरिट लिस्ट जारी करेगा। बताया कि विवि द्वारा सिविल, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एआई स्ट्रीम में बीटेक कराया जा रहा है।

VoL PAGE 6

लविवि में बीकॉम की प्रवेश परीक्षा आज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक प्रवेश परीक्षा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत 11 जुलाई को प्रथम पाली में बीकॉम और दूसरी पाली में बीकॉम (ऑनर्स) की परीक्षा होगी। इसकी जानकारी देते हुए लविवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को सुझाव दिया जाता है कि प्रवेश पत्र में उल्लिखित सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें एवं उनका पालन करें। अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा शुरू होने के बाद किसी भी अभ्यर्थी का प्रवेश नहीं होगा। अभ्यर्थी अपने दो फोटो अवश्य अपने साथ लेकर आयें। आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड में से कोई भी पहचान पत्र अवश्य लेकर आयें। पारदर्शी बोतल में पीने का पानी लेकर आ सकते हैं। नीला एवं काला बाल पॉइंट पेन लेकर ही आयें। उन्होंने कहा कि जिन अभ्यर्थियों ने यूई, सीटी, पीएच, एफएफ, एक्स आर्मी आरक्षण का दावा किया है एवं एनसीसी और स्पोर्ट्स का भारण मांगा है, वो अपने मूल प्रमाणपत्रों के साथ आयें और परीक्षा के तुरंत बाद अनिवार्य रूप से उसकी जांच करायें। प्रश्नपत्र में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे जो 90 मिनट में हल करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का होगा। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

LOKSATYA PAGE 3

एलयू में आज बीकॉम की प्रवेश परीक्षा

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक प्रवेश परीक्षा सत्र 2024-25 के अंतर्गत 11 जुलाई को प्रथम पाली में बीकॉम की प्रवेश परीक्षा एवं शाम की पाली में बीकाम (ऑनर्स) की परीक्षा होगी। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को सुझाव दिया जाता है कि प्रवेश पत्र में उल्लेखित सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें एवं उनका पालन करें। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचें। परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत किसी भी परीक्षार्थी का प्रवेश नहीं होगा। परीक्षार्थी अपने दो फ़ोटो अवश्य अपने साथ लेकर आएं। आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड में से कोई भी पहचान पत्र अवश्य लेकर आयें। पारदर्शी बोतल में पीने का पानी लेकर आ सकते हैं। नीला एवं काला बाल पॉइंट पेन लेकर ही आएं।

TOI PAGE 2

LU entrance tests for UG seats from today

No Entry To Exam Hall For Latecomers

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Carry a transparent water bottle, two ballpoint pens and two passport-size photographs if you are going to appear for the Lucknow University undergraduate entrance tests beginning Thursday.

On the first day, the entrance test for BCom and BCom (Hons) will be held in the morning and evening shifts, respectively.

"Candidates appearing for entrance examination are advised to read instructions mentioned in the admit card carefully. Candidates should reach the examination centre before scheduled time. No candidate will be allowed to enter the examination hall if he or she turns up late," LU spokesperson Durgesh Srivastava said.

He said candidates should carry identity proof like Aadhar card, PAN card, driving licence, passport or voter card. In stationary, students will be allowed to carry on blue and black ballpoint pens. Candidates who have claimed for reservation should bring original certificates and get it verified after the examination. "Entrance is based on multiple choice-based question (MCQ) pattern. The question paper will contain 100 MCQs which will have to be solved in 90 minutes. Each question will be of two marks. There will be no negative marking," he said.

UG ENTRANCE TEST SCHEDULE

Course	Date
BCom & BCom (Hons)	July 11
BCA and BSc (Maths)	July 12
BBA & LLB (Integrated)	July 13
BA & BVoc	July 14
BSc (Bio) & DPharma	July 15
BEIEd, BVA & BFA	July 16
BJMC & BSc (Agri)	July 18